Bareilly, Monday,
14 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 05 MIDDLE

# वेनेरोलॉजी एवं लैप्रोसी को लगाया जागरूकता कैंप




**BAREILLY (13 July):**प्रमाणित एवं पंजीकृत त्वचा विशेषज्ञों का सबसे बड़ा राष्ट्रीय संघ यानी भारतीय त्वचा विशेषज्ञ, इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट एंड लैप्रोसी (IADVL) की ओर संडे को स्थानीय शाखाओं की मदद से त्वचा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया. इस अवसर पर IADVL यूपी- उत्तराखंड के प्रेसीडेंट एवं एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के त्वचा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. प्रतीक गहलौत के मार्गदर्शन में वंचित क्षेत्रों में त्वचा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया. बरेली में IADVL ने बदायूं रोड पर स्थित वृद्धाश्रम और सिविल लाइंस स्थित आर्य समाज अनाथालय में जागरूकता कैंप लगाया गया. इसमें डॉ. कीर्तिका और डॉ. वैष्णवी ने सोरायसिस, विटिलिगो, मुंहासे, फंगल संक्रमण आदि सामान्य और दीर्घकालिक त्वचा रोगों के 100 से अधिक रोगियों की जांच की और फ्री दवाइयां भी प्रदान की.